भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2510

उत्तर देने की तारीख-03/08/2026

तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय के उप-केंद्र की स्थापना

†2510. श्री दुरई वाइको:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सुरीयूर में तमिलनाडु केन्द्रीय विश्वविद्यालय के उप-केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है और आवश्यक अनुमोदन प्रदान करने में विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार अपेक्षित प्रशासनिक और वित्तीय अनुमोदन प्रदान करके इस प्रस्ताव में तेजी लाने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) प्रस्तावित उप-केंद्र को स्वीकृति प्रदान करने और इसकी स्थापना शुरू करने में कितना समय लगने की संभावना है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (घ): तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय ने विभिन्न अवसंरचनात्मक परियोजनाओं- नए शैक्षणिक भवन, लड़कों और लड़कियों के लिए छात्रावास, वैज्ञानिक उपकरण केंद्र का निर्माण, प्रशासनिक भवन का विस्तार, संकाय और कर्मचारी आवास, शोध छात्रों के लिए छात्रावास और कौशल विकास केंद्र के विकास के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इन प्रस्तावों की जांच की गई और शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय विश्वविद्यालय तमिलनाडु (सीयूटीएन), तिरुवरूर में व्यापक अवसंरचना के विस्तार के लिए उच्चतर शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (एचईएफए) के माध्यम से कुल 385.27 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली परियोजनाओं को अनुमोदित किया। मुख्य परिसर के व्यापक विस्तार को प्राथमिकता देने के लिए, उन्नत अवसंरचनात्मक विकास के माध्यम से इसे एक अत्याधुनिक सुविधा बनाने के लक्ष्य के साथ, विश्वविद्यालय को सलाह दी गई कि वह मुख्य परिसर में संचालित किए जा रहे कार्यक्रम के साथ कौशल विकास पाठ्यक्रमों को सुदृढ़ करें।

****